# एनएचएम कर्मियोंकी हड़तालसे कालिवनमें काम-काज ठप, लौटे मरीज

## समान कार्य-समान वेतन एवं नियमितीकरणकी मांग, संविदाकर्मियोंने काला बैंड बांधकर जताया विरोध

नियमितीकरण एवं समान कार्य के लिए समान वेतन जैसी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) संविदा कर्मचारियों का प्रदेश स्तरीय आंदोलन अब अस्पतालों में भी शुरू होने लगा। इसी क्रम में सोमवार को मोतीलाल नेहरू मंडलीय (काल्विन) अस्पताल अस्पताल में तैनात एनएचएम के संविदाकर्मियों ने पूर्ण कार्य बहिष्कार कर हड़ताल शुरू कर दी।अस्पताल परिसर में जमकर नारेबाजी की। इस आंदोलन में डाक्टर, नर्स एवं काउंसलर सहित विभिन्न संवर्गो के लगभग ७२ कर्मचारियों ने हांथों पर काला बैंड बांधकर विरोध जताया। हड़ताल के कारण सबसे अधिक समस्या ओपीडी सेवाओं पर पड़ा।



प्रसव कक्ष, आपातकालीन सेवाओं सहित प्राथमिक स्वास्थ्य व्यवस्थाए पूरी तरह चरमराई रही। मधुमेह (डायबिटीज) रक्तचाप, जांच कराने, दवा लेने एवं अन्य पैथोलाजी टेस्ट के लिए दूर-दूराज से आए मरीज दिनभर भटकने को मजबूर रहे। वहीं कुछ मरीज बिना इलाज के ही मजबूरन वापस लौट गये। अपनी विभिन्न लंबित मांगों, समान काम-समान वेतन, नियमितीकरण एवं वेतन वृद्धि,ग्रेच्युटी, स्वास्थ्य बीमा लाभ एवं ईपीएफ नियमों को विनियमित की मांग को लेकर अस्पताल से एक दल सीएमओ कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। संविदा कर्चचारियों ने कहा कि कोविड जैसी विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने पूरी निष्ठा से सेवाएं दीं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान अभी तक नहीं हुआ।

### लालगोपालगंज चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

नवाबगंज थाने की चौकी लालगोपालगंज के प्रभारी अजय कुमार सिंह सोमवार को लाइन हाजिर कर दिए गए। हाल ही में चौकी प्रभारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें एक जेसीबी चालक से रुपये मांगने का उन पर आरोप है। डीसीपी गंगानगर सोनम कुमार ने बताया कि चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर किया गया है। वह पहले से अंडर ट्रांसफर थे। जून माह में ही उनका वाराणसी ट्रांसफर हुआ था, लेकिन अब तक गए नहीं हैं। वायरल वीडियो की जांच एडीसीपी गंगानगर से कराई जा रही है। आरोप सही पाए जाने पर विभागीय काररवाई की जाएगी।

## मीडिएशन सेंटरमें भिड़े दो पक्ष, मारपीट

मीडिएशन सेंटर में वैवाहिक विवाद की मध्यस्थता के दौरान दोनों पक्ष भिड़ गए और उनके बीच जमकर मारपीट हुई। मामले में पत्नी ने पति व उसके पक्ष के लोगों पर मारपीट और अगवा करने की कोशिश का तो अधिवक्ता पति ने पत्नी के मामा और उनके साथियों पर कट्टे की बट से हमला करने का आरोप लगाया है। कर्नलगंज पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमे दर्ज कर जांच कर रही है। कौशाम्बी के सराय अकिल निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि वह मुकदमे की पैरवी के लिए मीडिएशन सेंटर पहुंची थीं। आरोप है कि वहां पर उनके साथ मारपीट और उन्हें जबरन ले जाने की कोशिश की। बीचबचाव करने पहुंचे अधिवक्ताओं से भी मारपीट की गई, जिसमें कुछ लोगों को चोटें आईं। वहीं, अधिवक्ता आरोप है कि पत्नी के मामा एवं १० से २० लोगों के साथ पहुंचे और गालीगलौज के बाद कट्टे की बट से उनके सिर व मुंह पर वार किए, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़े। कर्नलगंज पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

# चकमार्गपर अवैध कब्जे एवं मत्स्य पालनकी अनदेखीपर डीएम से शिकायत

भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के सदस्यों ने अराजक तत्वों और तहसील प्रशासन की लापरवाही की शिकायत की। करछना तहसील क्षेत्र के पंधारी गांव के सुरेश अली, मुंशी, दिनेश, रामराज, करछना आदि ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गांव के सार्वजनिक चकमार्ग को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही कुछ दबंगों ने चकमार्ग को जबरन जोतकर अपने खेत में मिला लिया है। आरोप लगाया कि जब ग्रामीणों ने इस अवैध कब्जे का विरोध किया, तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए बंदूक निकाली और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में लिखा कि दबंगों का विरोध करने पर महिलाओं के साथ भी गलत व्यवहार एवं गाली-गलौज करते है। पीड़ितों ने डीएम से मांग की है कि सार्वजनिक रास्ते को अविलंब दबंगों से मुक्त कराया जाए। आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी काररवाई की जाए। गढ़वा कलां बरांव, करछना निवासी सुरेश कुमार ने आरोप लगाया कि तहसील प्रशासन के चक्कर काटते हुए उनका तीन साल का समय बर्बाद हो चुका है, लेकिन उन्हें अब तक मत्स्य पालन पट्टा नहीं मिला। सुरेश कुमार ने बताया कि तहसील परिसर में आयोजित नीलामी प्रक्रिया के दौरान ग्राम गढ़वा कलां के ८७ खां तालाब का मत्स्य पालन पट्टा हासिल किया था। उन्होंने कुल १८,४१५ रुपये ६ फरवरी २३ को जमा किए थे। इसके बावजूद तीन साल बीत जाने के बाद भी पट्टा स्वीकृत नहीं किया गया।



### भारतीय मुस्लिम मंचने दिया बसपा को समर्थन

आगामी २०२७ के विधानसभा चुनावों से पहले प्रदेश राज्य की सियासत गरमाने लगी है। भारतीय मुस्लिम मंच ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) को अपना समर्थन देने की घोषणा की है। इस बात की घोषणा सोमवार को प्रेस वार्ता में किया गया। मंच के राष्ट्रीय संयोजक डा.मुमताज़ आलम रिज़वी ने कहा कि संघटन बसपा प्रमुख मायावती को पांचवीं बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए तन, मन और धन से काम करेगा। डा.रिज़वी ने कहा कि मायावती सरकार ने अपने पिछले कार्यकालों में मुस्लिम समाज के लिए कार्य किए थे।

# रमनदीप कौरने राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिपमें जीता स्वर्ण

## भारतीय रेलवेका प्रतिनिधित्व करते हुए हासिलकी उल्लेखनीय सफलता

उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल की महिला एथलीट रमनदीप कौर ने राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय रेलवे एवं उत्तर मध्य रेलवे का गौरव बढ़ाया है। भारतीय रेलवे का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने ८ से ११ अक्टूबर तक नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ४२ किलोमीटर रेस वॉक स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस शानदार उपलब्धि पर मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज रजनीश अग्रवाल ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल




भविष्य की कामना की। उनकी इस सफलता को भारतीय रेलवे के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए खेल के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। रमनदीप प्रयागराज मंडल के वाणिज्य विभाग में मुख्य टिकट परीक्षक (सीसीटीसी) के पद पर कार्यरत हैं। उनका जन्म ३० अप्रैल १९९९ को हुआ तथा उन्होंने ३० मई २०२२ को रेलवे सेवा में योगदान दिया। एथलेटिक्स की रेस वॉकिंग स्पर्धा में उन्होंने अपने निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण से राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिलकी हैं।

### सब्जी व्यवसायीकी हृदय गति रुकनेसे मौत

तेलियरगंज के सरैया चौराहे स्थित मंडी में काम करने वाले वरिष्ठ सब्जी व्यवसायी गुड्डू कुशवाहा का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। ६० वर्षीय व्यवसायी सोमवार की भोर में मुण्डेरा मंडी में सब्जी का थोक व्यवसाय करने पहुंचे तो अचानक उन्हें गंभीर हार्ट अटैक आया। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाने का प्रयास किया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके परिवार में दो विवाहित बेटियां और एक बेटा है। दुखद घटना की जानकारी मिलने के बाद मंडी के व्यापारियों ने एकजुट होकर शोक सभा की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक प्रकट करने वालों में अंजू लाल यादव, राजा राम कुशवाहा, अक्षय पटेल, असाद अहमद, संगीर अहमद और अजय कुशवाहा समेत मंडी के अन्य व्यापारी शामिल रहे।

# रेलवेका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमोंके अनुपालनपर विशेष अभियान

उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा-२०२६ के अंतर्गत ११ से १५ अक्टूबर तक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, २०२६ के अनुपालन को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस पांच दिवसीय अभियान का उद्देश्य रेलवे के दैनिक कार्यों में कचरे के उचित प्रबंधन, पृथक्करण एवं सुरक्षित निस्तारण की व्यवस्था को प्रभावी बनाना है।अभियान के अंतर्गत रेलवे कर्मचारियों, सफाई कर्मियों, ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग स्टाफ, पैंट्री एवं कैटरिंग कर्मचारियों, स्टेशन वेंडरों तथा ठेकेदारों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए जागरूकता सत्र, प्रशिक्षण कार्यक्रम, शपथ अभियान तथा पोस्टर एवं सूचना सामग्री के माध्यम से कचरे को सही तरीके से अलग करने और उसका उचित निस्तारण करने की जानकारी दी जा रही है। इस अभियान के तहत स्टेशनों, ट्रेनों, रेलवे कॉलोनियों एवं कार्यालयों में गीले, सूखे, सैनिटरी तथा विशेष देखभाल वाले कचरे को अलग-अलग एकत्र करने की व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है। संबंधित कर्मचारियों को कचरा उत्पन्न होने के स्थान पर ही उसका पृथक्करण सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया जा रहा है, ताकि कचरे के निस्तारण की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बन सके।

इसके अतिरिक्त, बड़े पैमाने पर कचरा उत्पन्न करने वाली रेलवे इकाइयों, जैसे प्रमुख स्टेशनों, कार्यशालाओं, अस्पतालों एवं बड़ी रेलवे कॉलोनियों की पहचान कर उनके पंजीकरण और नियमों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा की जा रही है। कचरा प्रबंधन के लिए उपलब्ध कम्पोस्टिंग, बायोगैस प्लांट, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (ईंइ) तथा प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीन जैसी सुविधाओं की उपलब्धता एवं उपयोग की स्थिति का भी आकलन किया जा रहा है।

### कृषकोंको मिला अनुदान राशिका डेमो चेक

सोमवार को प्रदेश के कृषकों को आपदाओ से हुई फसल क्षति के सापेक्ष डीबीटी के माध्यम से कृषि निवेश अनुदान राशि का हस्तानान्तरण किया गया। मुख्यमंत्री के अनुदान राशि का वितरण समारोह का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट में हुआ तो कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने संगम सभागार में तहसील सदर के प्रभावित कृषकों को डमी चेक वितरण किया। तहसील सदर के कृषक अमरजीत सिंह, अमर सिंह, मान सिंह, इस्तवार अबिद रिजवी एवं अन्य कृषको को डमी चेक वितरण किया। कार्यक्रम में तहसील सदर के कुल ३४ कृषको के खाते में बाढ से प्रभावित फसल क्षति के सापेक्ष धनराशि प्रेषित की गयी। मुख्यमंत्री के कृषकों को आपदाओ से हुई फसल क्षति के सापेक्ष डीबीटी के माध्यम से कृषि निवेश अनुदान राशि का हस्तानान्तरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया।

# दोपहिया वाहनोंमें इलेक्ट्रिक और ई २० पेट्रोलकी बढ़ी मांग

## सामान्य पेट्रोल वाले वाहनोंकी बिक्रीमें गिरावट, दोपहिया वाहनोंके ईंधन विकल्पोंमें बदलावके संकेत

दोपहिया वाहनों के बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों और ई २० पेट्रोल की हिस्सेदारी में वृद्धि दर्ज की गई है। जनवरी से सितंबर २०२५ और २०२६ के आंकड़ों की तुलना में सामान्य पेट्रोल से चलने वाले दोपहिया वाहनों की संख्या में गिरावट आई है, जबकि इलेक्ट्रिक और ई २० पेट्रोल वाले वाहनों की संख्या बढ़ी है।

आरटीओ कार्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार, वर्ष २०२५ में जनवरी से सितंबर तक सामान्य पेट्रोल से चलने वाले ५३,५३५ दोपहिया वाहन दर्ज किए गए थे। वर्ष २०२६ की इसी अवधि में यह संख्या घटकर ३१,९०९ रह गई। इसके विपरीत, ई २० पेट्रोल से चलने वाले वाहनों की संख्या ९,६२२ से बढ़कर ३०,६०७ हो गई। यह इस श्रेणी में तेजी से बढ़ती हिस्सेदारी का संकेत देता है। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के क्षेत्र में भी वृद्धि देखने को मिली। वर्ष २०२५ में इलेक्ट्रिक (बीओवी) श्रेणी के १४० वाहन दर्ज किए गए थे, जो वर्ष २०२६ में बढ़कर २१९ हो गए। वहीं, प्योर इलेक्ट्रिक वाहन (प्योर ईवी) की संख्या २,८०२ से बढ़कर ४,९८१ पहुंच गई। अन्य ईंधन विकल्पों मे सीएनजी से चलने वाले दोपहिया वाहनों की संख्या ८३ से घटकर २६ रह गई। वहीं, फ्लेक्स-फ्यूल (इथेनाल) श्रेणी में वर्ष २०२५ में कोई वाहन दर्ज नहीं था, जबकि वर्ष २०२६ में २३ वाहन दर्ज किए गए। कुल आंकड़ों पर नजर डालें तो जनवरी से सितंबर २०२५ के दौरान ६६,१८२ दोपहिया वाहन दर्ज किए गए थे। वर्ष २०२६ की समान अवधि में यह संख्या बढ़कर ६७,७६५ हो गई। इस प्रकार कुल संख्या में १,५८३ वाहनों की वृद्धि हुई, जो लगभग २.४ प्रतिशत है। परिवहन अधिकारी बताते हैं कि दोपहिया वाहनों के बाजार में सामान्य पेट्रोल के मुकाबले ई २० पेट्रोल और इलेक्ट्रिक विकल्पों की ओर रुझान बढ़ रहा है। हालांकि, इन आंकड़ों के आधार पर इस बदलाव के पीछे के कारणों का निश्चित निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता।

## इलेक्ट्रिक वाहनोंपर मिल रही एक लाख तक सब्सिडी

एआरटीओ प्रशासन विजय प्रकाश सिंह ने बताया कि सरकार की वर्तमान योजना के तहत दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर रु ५,००० की सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जबकि चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के खरीदारों को रु १,००,००० तक की वित्तीय सहायता दी जा रही है।

इन आर्थिक प्रोत्साहनों से न केवल इलेक्ट्रिक वाहनों की पहुंच बढ़ेगी, बल्कि सड़क परिवहन से होने वाले वायु प्रदूषण के स्तर में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। सरकार उन सभी आवेदकों को यह सुविधा प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करा रही है जो नए उत्सर्जन मानकों के अनुरूप इन वाहनों को अपना रहे हैं। ई-२० (एथेनाल मिश्रित पेट्रोल) और इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती बिक्री को सरकार द्वारा दिए जा रहे इन्फ्रास्ट्रक्चर समर्थन और सब्सिडी का सीधा परिणाम माना जा रहा है।

# स्तन कैंसरके प्रति जागरूकताके लिए निकाली रैली

## नुक्कड़ नाटक एवं पोस्टरोंके जरिए दिया समयपर जांचका संदेश



पिंक अक्टूबर (स्तन कैंसर जागरुकता माह) के विशेष अवसर पर सोमवार को कमला नेहरू मेमोरियल हास्पिटल एवं रीजनल कैंसर सेंटर की ओर से स्तन कैंसर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। अस्पताल की सीईओ डा. मधु चंद्र,डायरेक्टर हरिओम सिंह, एमएस एवं एचओडी सर्जरी डा. आरएन सक्सेना ने संयुक्त रूप से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान नर्सिंग कालेज की छात्राओं ने स्तन कैंसर जागरूकता पर आधारित आकर्षक पोस्टरों एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम के आम जनता को स्तन कैंसर के संकेतों एवं लक्षणों को पहचान एवं बिना शर्म एवं संकोच के समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने का संदेश दिया गया। रैली में डा. बी पाल, डा. सपन श्रीवास्तव, डा. राधारानी घोष, डा. शुभा पांडे, डा. कचनार वर्मा, डा. सोनिया तिवारी, डा. मनीषा टंडन, डा.मानस, डा.ज्योति गुप्ता, डा. पंकज खत्री, डा. अंशिका पाल, डा. प्रशस्ति, श्रीमती बरखा गुप्ता, एवं सिस्टर सोनाली सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

### पीएलबी बोनस की सीलिंग २१ हजार रुपये करनेकी मांग

उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ ने पीएलबी बोनस की सीलिंग २१ हजार रुपये करने की मांग की है। संघ ने कहा कि दूसरी ओर त्योहारों पर बढ़ रही महंगाई रेल कर्मचारियों को आर्थिक रूप से परेशान कर रही है। उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ की आभासीय कार्यसमिति बैठक जोनल अध्यक्ष हेमन्त कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इसमें भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला, उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री अनिल कुमार उपाध्याय, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश यादव, भारतीय रेलवे मजदूर संघ के अ.भा. महामंत्री संतोष पटेल, अ.भा. संगठन मंत्री राधा बल्लभ त्रिपाठी, उपाध्यक्ष आईपीएस चौहान आदि पदाधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर निर्भय सिंह, मनोज कुमार झा, रूकमानंद पाण्डेय, बंशी बदन झा आदि उपस्थित रहे।

# नहीं हो सकता सीलिंग सीमा से अधिक जमीन का बैनामा - हाई कोर्ट

(विधि संवाददाता)

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अर्बन लैंड सीलिंग की जमीन की १९८३ में हुई रजिस्ट्री को आंशिक रूप से शून्य घोषित करते हुए कहा है कि सीलिंग सीमा से अधिक जमीन का बैनामा नहीं हो सकता। बैनामा केवल सीलिंग लिमिट यानी १५०० वर्ग मीटर तक ही वैध है। न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव तथा न्यायमूर्ति सुधांशु चौहान की खंडपीठ ने श्रीमती सीता देवी व अन्य की याचिका पर यह आदेश दिया है। विवादित जमीन प्लॉट नंबर २४९, क्षेत्रफल ४,९८० वर्ग मीटर, ग्राम दांदूपुर, परगना अरैल, तहसील करछना, जिला प्रयागराज की है। मूल भू-स्वामी विमल प्रसाद थे। याचियों का कहना था कि उन्होंने ०५.जनवरी.१९८३ को सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लेकर २२.० फ़रवरी .१९८३ को विमल प्रसाद से रजिस्टर्ड बैनामा लिया, १३.माउ.१९८७ को राजस्व रिकॉर्ड में नाम दर्ज हुआ और मकान बनाकर रह रहे हैं। ०५.फरवरी .२०११ को पता चला कि जमीन अर्बन सीलिंग में दर्ज हो गई है। बताया गया कि मूल भू-स्वामी ने १९७६ सीलिंग रिटर्न दाखिल किया था। २९.जनवरी .१९८२ को धारा ८(४) में २१,९५६.९५ वर्ग मीटर जमीन को सरप्लस घोषित किया गया, जिसमें विवादित जमीन भी शामिल है। गजट प्रकाशित हुआ, नोटिस जारी कर कहा गया सीलिंग रिटर्न के बाद की गई बिक्री धारा ५(३) के तहत शून्य है। कोर्ट ने कहा १५०० वर्ग मीटर तक बैनामा वैध है और शेष ३,४८० वर्ग मीटर के लिए शून्य है। याचियों का शेष जमीन पर कोई हक नहीं। कोर्ट ने कहा याची एक माह में सक्षम प्राधिकारी, अर्बन सीलिंग प्रयागराज के समक्ष १५०० वर्ग मीटर के सीमांकन के लिए प्रत्यावेदन दें, प्राधिकारी दो माह में सीमांकन करें। इसके बाद याची डीएम के समक्ष राजस्व रिकॉर्ड में सुधार के लिए प्रार्थना पत्र दे सकते हैं। पक्षकार ४ माह तक या सीमांकन पूरा होने तक यथास्थिति बनाए रखेंगे।

### चौबीस साल बाद अर्बन लैंड सीलिंग का दायर केस खारिज

(विधि संवाददाता)

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अर्बन लैंड सीलिंग के एक पुराने मामले में २४ साल की देरी से दायर याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि मूल भू-स्वामी को नोटिस की जानकारी थी, उसने कभी आपत्ति नहीं की। न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव व न्यायमूर्ति सुधांशु चौहान की खंडपीठ ने टुनटुन की याचिका पर यह आदेश दिया। प्रयागराज के ग्राम छतनाग, झूंसी, तहसील फूलपुर की ३,४८३ वर्ग मीटर जमीन का मामला है।याची का कहना था कि उसके दादा मदन पुत्र महादेव मूल भू-स्वामी थे, जिन्होंने सीलिंग रिटर्न दाखिल किया था। आरोप था कि धारा ८(३) का नोटिस रजिस्टर्ड डाक से नहीं दिया गया, २५.मार्च १९८३ को धारा ८(४) में जमीन को सरप्लस घोषित कर दिया गया, धारा १०(५) का नोटिस २२.फरवरी.१९९६ को तामील नहीं किया गया और धारा १०(६) की कार्रवाई कभी नहीं हुई। याची ने कहा कि वह कब्जे में है और धारा ४ के तहत अपील कार्यवाही समाप्त हो गई है। वहीं राज्य पक्ष ने रिकॉर्ड पेश कर बताया कि धारा ८(३) का नोटिस मूल भू-स्वामी मदन लाल को ३१.अगस्त .१९७९ को तामील हुआ, १८ अक्टूबर १९८४ को धारा ९ का फाइनल स्टेटमेंट भोला नाथ को मिला, गजट में धारा १०(१) व १०(३) की अधिसूचना ०१.मार्च .१९८६ व ०९.दिसंबर .१९९५ को प्रकाशित हुई, धारा १०(५) का नोटिस २२.फरवरी .१९९६ को जारी होकर ३०.अप्रैल १९९६ को मदन के हस्ताक्षर के साथ तामील हुआ।

### २०२७ में जनता विपक्षको करारा जवाब देगी-शैलेश राम

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा काशी क्षेत्र के नवनियुक्त अध्यक्ष शैलेश कुमार राम का प्रयागराज प्रथम आगमन पर पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। इस मौके पर मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि २०२७ के रणक्षेत्र में अनुसूचित जाति मोर्चा पूरी मजबूती के साथ उतरेगा।

अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नवनियुक्त अध्यक्ष शैलेश कुमार राम ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए मोर्चा कार्यकर्ता पूरी मेहनत से लग जाएं। केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाएं जो भी अनुसूचित जाति के लिए चलाई गई हैं उनकी जानकारी समाज तक पहुंचाने में कोई ढिलाई न बरतें। पीएम मोदी ने अनुसूचित जाति को वास्तविक सम्मान दिया है।

# नवरात्र मेलेमें विंध्याचल स्टेशनपर यात्रियोंके लिए विशेष सुविधा

## भारत स्काउट्स एवं गाइड्सके स्वयंसेवक श्रद्धालुओंकी सेवामें जुटे

शारदीय नवरात्रि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल द्वारा विंध्याचल रेलवे स्टेशन पर विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। ११ से २६ अक्टूबर तक आयोजित मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए टिकट, पेयजल, शौचालय, खानपान, चिकित्सा एवं सुरक्षा संबंधी सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया है। यात्रियों को सुगमता से टिकट उपलब्ध कराने के लिए स्टेशन पर तीन अनारक्षित टिकट काउंटर तथा एक पूछताछ केंद्र संचालित किया जाएगा। आरक्षित टिकट काउंटर दो पालियों में संचालित किया जाएगा। इसके लिए आठ अतिरिक्त कर्मचारियों तथा यात्रियों की सहायता एवं टिकट जाँच के लिए २० अतिरिक्त टिकट जाँच कर्मचारियों की तैनाती की गई है। स्टेशन पर पाँच खानपान स्टॉल उपलब्ध रहेंगे। इसके अतिरिक्त पेयजल, पुरुषों के लिए १५ तथा महिलाओं के लिए १५ अतिरिक्त शौचालय, अस्थायी यात्री शेड एवं खोया-पाया केंद्र की व्यवस्था की गई है।

# नुक्कड़ नाटकके माध्यमसे रेलकर्मियोंको स्वच्छताके प्रति किया जागरूक

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर) प्रयागराज द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत सोमवार को त्रिवेणी विहार रेलवे कॉलोनी, रामबाग, प्रयागराज में रेलकर्मियों एवं उनके परिवारजनों के लिए स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज की टीम द्वारा नुक्कड़ नाट्य प्रस्तुत किया।

नाट्य के माध्यम से स्वच्छता के महत्व, स्वच्छ वातावरण बनाए रखने तथा दैनिक जीवन में स्वच्छता संबंधी आदतों को अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में रेलवे कॉलोनी के रेलकर्मियों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

नुक्कड़ नाट्य के माध्यम से स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का सार्थक प्रयास किया गया। इस प्रकार के आयोजन स्वच्छ, स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# आयोगने १११ प्राचार्य पदोंका लिखित परीक्षा परिणाम किया घोषित

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों तथा महिला महाविद्यालयों में प्राचार्य के १११ पदों पर चयन हेतु आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के अध्यक्ष डा. प्रशांत कुमार ने बताया कि प्राचार्य पद के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन २४ सितंबरको कराया गया था। परीक्षा के उपरांत २६ सितंबर को अनंतिम उत्तरकुंजी (आंसर-की) जारी कर अभ्यर्थियों से आननलाइन आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं। प्राप्त आपत्तियों के विषय विशेषज्ञों द्वारा निस्तारण एवं उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के उपरांत साक्षात्कार हेतु अन्ह पाए गए अभ्यर्थियों का चयन परिणाम घोषित किया गया है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थी अपना परिणाम आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https:// upessc.up.gov.in पर देख सकते हैं। घोषित परीक्षा परिणाम के संबंध में सूचना का अधिकार अधिनियम-२००५ के अंतर्गत पृथक से कोई भी प्रार्थना-पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। आयोग के उप सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार आगामी २७ अक्टूबर से ३० अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्ढियों को अपने समस्त शैक्षिक अभिलेख, कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र तथा निर्धारित प्रारूप पर शपथ-पत्र आयोग के पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रमाण-पत्र अपलोड करने के उपरांत अभ्यर्थी १४ अक्टूबर से अपना साक्षात्कार-पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। साक्षात्कार-पत्र डाउनलोड करने के विस्तृत दिशा-निर्देश, महत्वपूर्ण अनुदेश तथा शपथ-पत्रका प्रारूप आयोगकी वेबसाइटपर उपलब्ध करा दिया गया है।

# श्रमिकोंको हटाने एवं मजदूर विरोधी नीतियोंके खिलाफ प्रदर्शन

## प्रधान कार्यालयपर जुटे इंडियन आयल कारपोरेशन पाइपलाइन्स वर्कर्स यूनियनके पदाधिकारी

वर्षों से सेवा दे रहे श्रमिकों को हटाने एवं अन्य मजदूर विरोधी नीतियों के विरोध में इंडियन आयल कारपोरेशन पाइपलाइन्स वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों का सूबेदारगंज स्थित प्रधान कार्यालय पर दसवें दिन भी प्रदर्शन एवं लंच बष्किार जारी रहा है। उत्तर प्रदेश सहित बिहार एवं झारखंड में कर्मचारियों ने आन्दोलन तेज कर दिया है। यूनियन ने प्रबंधन से मांग किया कि श्रमिकों को हटाने की काररवाई तत्काल रोकी जाए।

पूर्व में हुए समझौतों और सहमति को लागू किया जाए। यूनियन के अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने सख्त चेतावनी दिया कि प्रबंधन बातचीत का रास्ता अख्तियार करे, हमारी सभी मांगों को पूरा करे। इस आन्दोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा। वैसी स्थिति में जनता को भी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। इसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी। साथ ही यदि श्रमिकों की सेवाओं में इस प्रकार की कमी व विस्थापन के कारण तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति अथवा बाजार में उपलब्धता प्रभावित होती है। इसकी जिम्मेदारी भी प्रबंधन की होगी। यूनियन समय रहते इस गम्भीर स्थिति से प्रबंधन को अवगत करा दिया है।

यूनियन के महामंत्री मुकेश कुमार ने स्पष्ट किया कि उसका उद्देश्य आम जनता को असुविधा पहुचाना नहीं है। बल्कि श्रमिकों के रोजगार, सम्मान, न्यायसंगत अधिकारों एवं पूर्व में किए गये समझौतों के पालन को सुनिश्चित कराना है। यूनियन ने प्रबंधन से अपील किया कि टकराव का रास्ता छोड़कर स्थायी समाधान का रास्ता निकाला जाए। इस अवसर पर रवि कुमार, जीतेन्द्र कुमार, नरेन्द्र सिंह, अमरनाथ आदि उपस्थित रहे।

# सपाइयों ने मनायी राममनोहर लोहियाकी पुण्यतिथि, दी श्रद्धांजलि

समाजवादी चिंतक, स्वतंत्रता सेनानी एवं महान समाजवादी नेता डा. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर सोमवार को जार्जटाउन स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में सपाइयों ने कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पूर्व सिविल लाइन्स पीडी टंडन पार्क चौराहे पर स्थित डा.लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को याद करते हुए समाजवाद, सामाजिक न्याय और समानता के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि डा. लोहिया ने अपना संपूर्ण जीवन अन्याय, शोषण, जातिगत भेदभाव, आर्थिक विषमता और सामाजिक असमानता के खिलाफ संघर्ष में समर्पित किया। स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका



और अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध उनका साहसपूर्ण संघर्ष सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। डा. लोहिया की 'सप्त क्रांति' का उल्लेख करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनका विचार केवल सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं था, बल्कि स्त्री-पुरुष समानता, जाति प्रथा का अंत, रंगभेद के खिलाफ संघर्ष, आर्थिक विषमता दूर करने, व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा तथा अन्यायपूर्ण व्यवस्थाओं को बदलने का व्यापक दृष्टिकोण था। उन्होंने कहा कि डॉ. लोहिया के विचारों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाना समाजवादी पार्टी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। वर्तमान समय में सामाजिक न्याय, पिछड़ों, दलितों, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों को सम्मान एवं अधिकार दिलाने के लिए उनके विचार और अधिक प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में संकल्प लिया गया कि डा. लोहिया के समाजवादी आदर्शों को सपा प्रमुख अखिलेश यादव के नेतृत्व में जन-जन तक पहुंचाकर लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक समानता की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखा जाएगा। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, विधायक श्रीमती गीता शास्त्री, सतीश चंद्र अग्रवाल, महासचिव रविन्द्र यादव एडवोकेट, प्रवक्ता दान बहादुर मधुर, तारिक सईद अज्जू, रविन्द्र यादव,मो शारिक, महबूब उस्मानी, नाटे चौधरी, महेन्द्र निषाद आदि मौजूद रहे।

### महिलाओंमें दिखी उद्यमशीलता

वायु सेना स्टेशन बमरौली में शनिवार को वायु सेना परिवार कल्याण संघ (क्षेत्रीय), मध्य वायु कमान की ओर से संगिनी फेस्ट का आयोजन किया गया। आगामी त्योहारों के उल्लास के बीच आयोजित इस उत्सव में महिलाओं की रचनात्मकता और उद्यमशीलता देखने को मिली। संगिनियों ने खानपान, खरीदारी और मनोरंजक खेलों के स्टॉल लगाए, जहां लोगों ने उत्साह के साथ भागीदारी की।उद्घाटन वायु सेना परिवार कल्याण संघ (क्षेत्रीय), मध्य वायु कमान की अध्यक्षा सविता चौधरी ने किया।वायु सेना के अधिकारियों, वायुसैनिकों और उनके परिवारों ने हिस्सा लिया। फेस्ट में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से महिलाओं को अपने उत्पादों, कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिला। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही उनमें आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा देना रहा।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।
सम्पादक:शार्दूल विक्रम गुप्त
स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह
वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर: कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड
वर्ष-३१ पू.सं. (११३४९)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५
दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४
E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com
पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।